दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्ष:- 05
अंकः- 39
मुरादाबाद
30 May 2025
(Friday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हे, बंगाल में पीएम मोदी ने भरी हुंकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब जब मैं सिंदूर खेला की पवित्र धरती पर खड़ा हूं, तो यह उचित ही है कि हम आतंकवाद के खिलाफ एक नए संकल्प- ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात करें। भारत बदल गया है। हम अब ऐसी कायराना हरकतों को बर्दाश्त नहीं करते। ऑपरेशन सिंदूर हमारा कड़ा जवाब है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों को 1,010 करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला

रखी। इससे 2.5 लाख से अधिक घरों के साथ-साथ वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराना है। योजना के तहत न्यूनतम कार्य कार्यक्रम लक्ष्यों के अनुसार लगभग 19 संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। इससे विश्वसनीय, पर्यावरण के अनुकूल और लागत प्रभावी ईंधन आपूर्ति की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।यहां लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान के दुस्साहसों का जिक्र किया। उन्होंने बतायास कि कैसे भारत ने तीन पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारा। उन्होंने कहा, %22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता की, उसके बाद पश्चिम बंगाल में भी बहुत गुस्सा था। आपके भीतर जो आक्रोश था, आपका जो गुस्सा था, उसको मैं भलीभांति समझता था। आतंकवादियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया।आतंक और नरसंहार पाकिस्तानी सेना की सबसे बड़ी एक्सपरटाइज% ,उन्होंने कहा, %आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है। जब से वो अस्तित्व में आए हैं, तब से ही उसने सिर्फ आतंक को पाला है। 1947 में बंटवारे के बाद से ही उसने भारत पर आतंकी हमला किया। कुछ सालों के बाद उसने यहां पड़ोस में आज के बांग्लादेश में जो आतंक फैलाया, पाकिस्तान की सेना ने जिस प्रकार बांग्लादेश में दुष्कर्म और हत्याएं कीं, वो कोई भूल नहीं सकता।

आतंक और नरसंहार पाकिस्तानी सेना की सबसे बड़ी एक्सपरटाइज है।, %पाकिस्तान की सेना आतंकियों का सहारा लेती है% उन्होंने कहा, %जब सीधा युद्ध लड़ा जाता है, तब उसकी हार तय होती है, उसकी पराजय निश्चित होती है। यही कारण है कि पाकिस्तान की सेना आतंकियों का सहारा लेती है। पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया है कि अगर अब भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो दुश्मन को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हे। बंगाल की इस धरती से ये 140 करोड़ भारतीयों का एलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।%केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार और विकास को बढ़ावा देने के लिए आज से देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया है। इस अभियान के दौरान 2170 टीमें देशभर के 700 से अधिक जिलों, 65 हजार गांवों और करीब डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचेगी। केंद्र की मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार और विकास को बढ़ावा देने के लिए आज से देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया है। इस अभियान के शुभारंभ के मौके पर पीएम मोदी ने भारत के कृषि क्षेत्र को और अधिक आधुनिक बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लिए इस अभियान के तहत हमारे वैज्ञानिकों की टीम %लैब टू लैंड% अभियान को आगे बढ़ा रही है।क्या बोले पीएम मोदी ,%विकसित कृषि संकल्प अभियान% के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अब बाजार बदल रहे हैं, ऐसे में ग्राहकों की प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं। इसलिए हमारा प्रयास है कि किसानों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर कृषि प्रणालियों में बदलाव लाया जाए और किसानों के साथ चर्चा की जाए कि भारत की कृषि और अधिक आधुनिक कैसे बने। इसलिए इस अभियान के तहत हमारे वैज्ञानिकों की टीम %लैब टू लैंड% अभियान को आगे बढ़ा रही है।इस मौके पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते दशकों में हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने कई क्षेत्रों में अच्छे शोध किए हैं, बेहतर नतीजे दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश के प्रगतिशील किसान भी अपने प्रयोगों से कृषि क्षेत्र में बड़े बदलाव लाए हैं। उन्होंने उत्पादन को बढ़ाया है और सफल प्रयोग किए हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के सफल शोध और प्रगतिशील किसानों के सफल प्रयोगों की जानकारी सभी किसानों तक पहुंचना बहुत जरूरी है। इस दिशा में आप सभी शुरू से ही प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब इसे नए जोश के साथ करने की जरूरत है। %विकसित कृषि संकल्प अभियान% से आपको इसके लिए भर ,र अवसर मिलेंगे। आज से देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार और विकास को बढ़ावा देने के लिए आज से देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया है। इसके जरिये किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक तरीके से खेती और सतत विकास की दिशा में प्रेरित किया जाएगा। इससे किसानों को फसल उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अभियान की शुरुआत ओडिशा से की गई। 20 राज्यों में प्रवास करेंगे कृषि मंत्री कृषि मंत्री ने इस अभियान की औपचारिक शुरुआत ओडिशा के पुरी से की। एक पखवाड़े तक चलने वाले इस अभियान के दौरान चौहान 20 राज्यों में प्रवास करेंगे। केंद्रीय मंत्री अभियान के दौरान 12 जून तक जम्मू, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, असम, मेघालय, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ में किसानों व वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करने के लिए उनसे सीधा संवाद करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

PAK की गोलाबारी से पीड़ित लोगों को पुनर्वास पैकेज दे सरकार, यह कर्तव्य; राहुल ने PM को लिखा पत्र

शनिवार को राहुल गांधी ने पुंछ का दौरा किया था, जहां उन्होंने 7 से 10 मई के बीच सीमा पार हुई गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और अन्य पीड़ितों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा सिंह सभा, मंदिर गीता भवन और मदरसा ज़िया-उल-उलूम का भी दौरा किया और क्राइस्ट हाईस्कूल के छात्रों से बातचीत की थी।कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर के पुंछ और अन्य पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित क्षेत्रों के लिए ठोस, उदार और त्वरित राहत एवं पुनर्वास पैकेज की मांग की।पिछले शनिवार को राहुल गांधी ने पुंछ का दौरा किया था, जहां उन्होंने 7 से 10 मई के बीच सीमा पार हुई गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और अन्य पीड़ितों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा सिंह सभा, मंदिर गीता भवन और मदरसा ज़िया-उल-उलूम का भी दौरा किया और क्राइस्ट हाईस्कूल के छात्रों से बातचीत की थी।प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में गांधी ने कहा कि मैंने हाल ही में पुंछ का दौरा किया, जहां पाकिस्तानी गोलाबारी में 4 बच्चों सहित 14 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। ,इस अचानक और अंधाधुंध हमले ने आम इलाकों में भारी तबाही मचाई है। सैकड़ों घर, दुकानें, स्कूल और धार्मिक स्थल बुरी तरह तबाह हो गए

अगर हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें, CM ममता ने PM मोदी को दी चुनौती

टीएमसी ने मोदी सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति का आरोप भी लगाया। टीएमसी ने कहा कि इसी नीति के चलते ही बंगाल को मनरेगा और आवास योजना के फंड से वंचित किया गया। पीएम मोदी के ममता सरकार पर करारे वार के बाद राज्य में एक बार फिर वाक् युद्ध शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने जहां मुर्शिदाबाद हिंसा और मालदा की घटना को लेकर टीएमसी सरकार को घेरा वहीं ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। इतना ही नहीं सूबे की मुखिया ममता बनर्जी ने पीएम पर पलटवार करते हुए उन्हें चुनाव में उतरने की चेतावनी तक दे डाली। ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम मोदी की मौजूदगी में उनके मंत्री कह रहे हैं कि अब वे ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल करेंगे। मैं उन्हें चुनौती देती हूं अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें। ,मोदी की नीति फूट डालो और राज करो की% ,पीएम के बयानों पर प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जो कहा है, उससे हम स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जब सभी विपक्षी दल एकजुट होकर देशहित में विदेशों तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं तो उस वक्त केंद्र सरकार राजनीतिक होली खेल रही है। हम ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में हैं लेकिन पीएम मोदी देशभर में रैली करने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ के लिए सैन्य हमले को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है। अलीपुरद्वार में प्रधानमंत्री की रैली के बाद बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि मोदी की

की है। इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र ने लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखा है। पहले अपनी पत्नी को सिंदूर क्यों नहीं देते हैं मोदी = ममता, प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी भी कीं। देशभर में महिलाओं के बीच सिंदूर बांटने की भाजपा की कथित योजना पर सीएम ने कहा कि हर महिला का सम्मान होता है। वे केवल अपने पति से ही सिंदूर स्वीकार करती हैं। मोदी ऐसे बात कर रहे हैं, जैसे हर महिला के पति हों। वह पहले अपनी पत्नी को सिंदूर क्यों नहीं देते? केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल संबंधी बयान पर ममता ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस कल ही चुनाव में जाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जो कहा, वह केवल चौंकाने वाला है बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी है। जब सभी विपक्षी दल एकजुट होकर देशहित में विदेशों में अपनी बात पहुंचा रहे हैं तो उस वक्त केंद्र सरकार राजनीतिक होली खेल रही है। हम ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में हैं लेकिन पीएम मोदी देशभर में रैली करने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ के लिए सैन्य हमले को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है। उन्होंने सवाल किया कि पहलगाम हमले के अभी तक क्यों नहीं पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहती थी लेकिन उन्होंने मुझे बोलने के लिए मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पीएम फूट डालो और राज करो की नीति अपना रहे हैं। वहीं, टीएमसी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार इधर-उधर के मुद्दों में लोगों का ध्यान भटकाकर अपनी विफलताओं को छिपा रही है। साथ ही टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को प्रभावित करने वाले संकटों के बारे में पीएम की टिप्पणियों के जवाब में पांच सवाल भी पूछे। टीएमसी ने महिला सुरक्षा, युवाओं को रोजगार और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में टीएमसी ने पीएम मोदी से कहा कि वे पहले मणिपुर में स्थितियों को सामान्य करें, जहां बीते दो साल से भी ज्यादा समय से कानून-व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। इसके साथ ही टीएमसी ने कहा कि पीएम मोदी के राज्य में महिला सुरक्षा की क्या स्थिति है, उन्नाव से हाथरस तक के मामलों पर भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड चुप्पी से भरा हुआ है। आगे टीएमसी ने पेपर लीक की बात करते हुए कहा कि इससे युवाओं में निराशा है। भाजपा ने छात्रों को पेपर लीक, हृश्वश्वञ्ज घोटाला और 45 प्रतिशत बेरोजगारी का राष्ट्रीय उपहार दिया है। अपने पोस्ट में टीएमसी ने आगे भाजपा पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया।

सीएम योगी बोलेः सत्ता के लिए इतिहास से गायब कर दिए महापुरुषों के नाम, सालार मसूद गाजी का किया जिक्र

सीएम योगी ने कहा कि विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी के हमलों को नाकाम करने वाले महाराज सुहेलदेव को समाज ने विस्मृत सा कर दिया था।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म के लिए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए कार्य हम सबके लिए एक नई प्रेरणा है। यही प्रेरणा हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि सुशासन की आधारशिला विरासत बनेगी। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने सनातन धर्म और भारतीय विरासत की जो मजबूत नींव रखी, वही आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'विकास और विरासत' के अभियान का आधार बन

चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में महारुपुषों की एक लम्बी श्रंखला है जो समाज को एक नई संजीवनी देते रहे हैं। बीच के कालखंड में विदेशी दासता के शिकार कुछ सत्तालोलुप लोगों ने प्रेरणा देने वाले ऐसे लोगों का नाम सामने नहीं आने दिया और उनको इतिहास के पन्नों से गायब कर दिया गया।मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को राजधानी में डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित %पुण्यश्लोक% लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 का शुभारंभ करते हुए संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी के हमलों को नाकाम करने वाले महाराज सुहेलदेव को समाज ने विस्मृत सा कर दिया था। वह महमूद गजनवी का भांजा था, जिसने सोमनाथ के मंदिर को कई बार लूटा और तोड़ा। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या पर पहला हमला इसी ने किया था। जब वह मंदिरों को लूटने निकला तो मथुरा से लेकर बहराइच के बीच में महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में हिंदू राजाओं ने उसके छक्के छूड़ा दिए उसकी ऐसी दुर्गति किया कि फिर डेढ़ सौ साल तक कोई भी विदेशी आक्रांता भारत पर हमला करने का दुस्साहस नहीं कर सका था। लेकिन महाराजा सुहेलदेव का नाम इतिहास के पन्नों से गायब कर दिया गया।उन्होंने कहा कि ऐसे ही अहिल्याबाई को लंबे समय तक उपेक्षित रखा गया। अब समय है कि उनकी प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाया जाए। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने वीरांगनाओं के नाम पर पीएसी की नई बटालियन का गठन किया और पुलिस बल में बेटियों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है।इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि देश का दुर्भाग्य रहा कि शिवाजी, महाराणा प्रताप और अहिल्याबाई होल्कर जैसे नायकों को स्कूली पाठ्यक्रम से दूर रखा गया। 300 वर्ष पहले जब महिला सशक्तीकरण की कोई परिकल्पना भी नहीं थी, तब अहिल्याबाई ने शासन, सेवा और धर्म की मिसाल कायम की।

उनका योगदान काशी, हरिद्वार, अयोध्या, सोमनाथ जैसे तीर्थों के निर्माण और पुनरुद्धार में आज भी जीवंत है। ,प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन परिचय हर युवा को पढ़ना चाहिए। उनके सिद्धांत, कार्यशैली और धार्मिक दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन नीरज सिंह ने किया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, होल्कर वंश के वंशज उदयराज होल्कर उपस्थित रहे।, अहिल्याबाई परीक्षा एप लांच,इस मौके पर अहिल्याबाई परीक्षा एप भी लांच किया गया। जो उनके जीवन से शिक्षित करेगा। इसके माध्यम से आनलाइन परीक्षा कराई जाएगी। इससे एक करोड़ विद्यार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

संपादकीय Editorial

This is not the time for questions

The most important and foremost thing is the nation. The Prime Minister, the Leader of the Opposition, MPs, political parties and the average citizen of the country are all part of it. If the nation exists, then everyone exists. The Pahalgam massacre was an attack on the soul, existence and sovereignty of our India. It cannot be forgotten at all. India cannot be attacked by dividing it into Hindus and Muslims. We will not tolerate such an attack, because all communities are united on the question of the nation. An all-party meeting was called after the massacre. Questions must have been raised in it, so the Modi government also accepted the intelligence-security lapse. Those leaders who appear to be of the fundamentalist type are also with the government today and are supporting any decision of Prime Minister Modi. A sensitive issue like Waqf has been put in the background. At present, the focus is on terrorism and it has to be taught a lesson. The Prime Minister has shared his pain and anger with the families of the victims of the massacre through 'Mann Ki Baat'. Once again those families have been assured that they will definitely get justice. The culprits and conspirators of the attack will definitely be given the harshest reply. The Prime Minister realizes that every Indian's blood is boiling after seeing the pictures of the terrorist attack. This assurance of Prime Minister Modi should be trusted. Immediately after the attack, terrorists and their masters cannot be attacked as a retaliatory strike. This is also a part of diplomatic and strategic strategy. Rounds of meetings and intensive investigation are going on from Delhi to Kashmir. ISRO has also been included in the investigation. The houses of 10 terrorists have been razed to the ground. Explosives have also been found in some houses. About 2000 suspects have been detained and interrogation is going on. The chiefs of the three armies and the Chief of Defense Staff have met Defense Minister Rajnath Singh. There was a 40-minute meeting between Prime Minister Modi and Defense Minister Rajnath Singh. It is obvious that there must have been a discussion on the formats of attack on Pakistan! Heads of state, presidents, prime ministers etc. of 40-45 countries of the world have talked to Prime Minister Modi over the phone and have given full support to India against terrorism. Major Muslim countries are also standing with India. Countries like China, Turkey have also not publicly supported Pakistan. They know the nature and reality of Pakistan. Can't some opposition parties see these activities? This is not the time for questions, but to appear united as a nation. The Prime Minister's inability to attend the all-party meeting is not a fundamental question. The Defence Minister and Home Minister were present in the meeting, who are fully responsible for security and intelligence related questions. Was their presence not important? This is not the time to repeatedly question the alleged 300 kg RDX explosive used in the Pulwama terror attack of February 2019. This is also not the time to question the BJP giving a ticket to an alleged terrorist. This is also not the time to count terrorist attacks. The incident is of 1984, so terming the assassination of then Prime Minister Indira Gandhi in her official residence as the most important security lapse is neither relevant nor appropriate today. This is the time to think about the possibilities of war and prepare a strategy. According to an international research report, if a full-fledged war breaks out between India and Pakistan, India's loss will be 0.65 percent and Pakistan's loss will be 0.95 percent. It may take 7.5 years for India and about 10 years for Pakistan to compensate for the cost and impact of the war. This does not include the losses and impact of a nuclear war.

Pakistan defames Islam, attacks the principles of Islam too

The terrorist attack in Pahalgam has once again exposed the evil intentions of Pakistan. In this attack, the terrorists asked people about their religious identity and those who could not recite the Kalma were ruthlessly killed. This incident was a conspiracy to break the unity of India but the people of the country have stood united against terrorism. The barbaric terrorist attack on tourists in Pahalgam, Jammu and Kashmir, recently reminded us of the attack by a terrorist organization called Al Shabab in a shopping mall in Nairobi, Kenya, about a decade ago. In that attack, the terrorists killed all those who could not recite the Kalma. The terrorists showed the same barbarity in Pahalgam too. They asked people about their religious identity, asked them to recite the Kalma and even made some people remove their clothes to confirm their identity. Those who claimed to be Hindus or could not recite the Kalma were ruthlessly shot in front of their wives and children. A Hindu professor from Assam was saved because he recited the Kalma. The terrorists carried out the terrorist incident in Pahalgam with the aim of establishing a pure Jihadi narrative. The incident in Pahalgam should be seen in the context of the recent speech of Pakistani Army Chief Asim Munir, in which he described Muslims as different from Hindus. The way he said that our thoughts, beliefs, culture etc. are all different, he expressed his hatred towards Hindus and India. In the same speech, he described Kashmir as the navel of Pakistan. Within a week of this hate speech, a terrorist attack took place in Pahalgam. This cannot be a coincidence. This automatically exposes the evil face of Pakistan. The terrorist incident in Pahalgam was carried out because assembly elections were held peacefully in Jammu and Kashmir, in which a large number of people participated. After the removal of Article 370, the situation in Jammu and Kashmir was becoming normal. Due to this, a large number of tourists were reaching there. For the last three years, the number of tourists was continuously increasing there. The Kashmiri people were also benefiting from this. Obviously, Pakistan was not liking this. It should also be noted that the Pakistani army is troubled by the internal problems of its country and is becoming unpopular. Imran Khan's supporters abuse it. Asim Munir is their target. Recently, the Pakistani army was greatly embarrassed by the hijacking of a Pakistani train by Baloch fighters. Its two-nation view has also collapsed. In Pakistan, Sindhis, Pashtuns, etc. consider the Pakistani army as terrorists. There are slogans that 'this terrorism is behind the uniform.' There are reasonable reasons to believe that the Pakistani army conspired for the Pahalgam attack to divert the attention of its people. Another motive of the Pakistani army behind the Pahalgam attack was to create hatred between Hindus and Muslims in India. That is why people were selectively killed in Pahalgam on the basis of religious identity. Killing someone on the basis that he belongs to a different religion is the height of hatred and brutality. The aim of this attack was to break the unity of India. The harmonious living of Hindus and Muslims is the biggest challenge for Pakistan's evil intentions. Pakistan knows that due to the influence of Sufism, Hindus and Muslims have been living together in India. It does not like this. Pakistan must have been assuming that after killing people on religious grounds, the atmosphere in India will turn into communal hatred and there will be large-scale violence, but it was proved wrong. The Pahalgam incident has created an emotional atmosphere of grief and anger in the country. This incident has shaken the whole of India. India has almost the same Muslim population as Pakistan. About 97 percent of the population there is Muslim. If there is a terrorist incident in which people are killed for not being able to recite Kalma, then it hurts the image of Islam and the Islamic principle of 'Lakum Deenukum Wale Yadeen' i.e. 'Your religion is with you and my religion is with me'. Pakistan has already caused a lot of damage to Islam by nurturing Jihadi terrorist organizations. By carrying out the Pahalgam incident, it has only worked to defame Islam again. Many Muslim leaders in India have also said this clearly. These include Maulanas and Maulvis. Not only this, people of the Muslim community came out on the streets in large numbers to protest against the Pahalgam incident. The protest was first seen in Kashmir. After this, Muslims in large numbers in the rest of the country also offered namaz wearing black bands and took out candle marches. This is because they feel that the Pahalgam incident has in a way attacked the principles of Islam as well. The Pahalgam incident clearly wanted to create a dividing line, but this will not happen because people in the entire country, including Kashmir, are standing up against terrorism. It is the responsibility of both the communities and their leaders to ensure that no kind of hatred grows between Hindus and Muslims. Only by fulfilling this responsibility well, can Pakistan's evil intentions be thwarted.In that attack, the terrorists killed all those who could not recite the Kalma. The terrorists showed the same barbarity in Pahalgam too. They asked people about their religious identity, asked them to recite the Kalma and even made some people remove their clothes to confirm their identity. Those who claimed to be Hindus or could not recite the Kalma were ruthlessly shot in front of their wives and children. A Hindu professor from Assam was saved because he recited the Kalma. The terrorists carried out the terrorist incident in Pahalgam with the aim of establishing a pure Jihadi narrative. The incident in Pahalgam should be seen in the context of the recent speech of Pakistani Army Chief Asim Munir, in which he described Muslims as different from Hindus. The way he said that our thoughts, beliefs, culture etc. are all different, he expressed his hatred towards Hindus and India. In the same speech, he described Kashmir as the navel of Pakistan. Within a week of this hate speech, a terrorist attack took place in Pahalgam. This cannot be a coincidence. This automatically exposes the evil face of Pakistan. The terrorist incident in Pahalgam was carried out because assembly elections were held peacefully in Jammu and Kashmir, in which a large number of people participated. After the removal of Article 370, the situation in Jammu and Kashmir was becoming normal. Due to this, a large number of tourists were reaching there. For the last three years, the number of tourists was continuously increasing there. The Kashmiri people were also benefiting from this. Obviously, Pakistan was not liking this. It should also be noted that the Pakistani army is troubled by the internal problems of its country and is becoming unpopular. Imran Khan's supporters abuse it. Asim Munir is their target. Recently, the Pakistani army was greatly embarrassed by the hijacking of a Pakistani train by Baloch fighters. Its two-nation view has also collapsed. In Pakistan, Sindhis, Pashtuns, etc. consider the Pakistani army as terrorists. There are slogans that 'this terrorism is behind the uniform.' There are reasonable reasons to believe that the Pakistani army conspired for the Pahalgam attack to divert the attention of its people. Another motive of the Pakistani army behind the Pahalgam attack was to create hatred between Hindus and Muslims in India. That is why people were selectively killed in Pahalgam on the basis of religious identity. Killing someone on the basis that he belongs to a different religion is the height of hatred and brutality. The aim of this attack was to break the unity of India. The harmonious living of Hindus and Muslims is the biggest challenge for Pakistan's evil intentions. Pakistan knows that due to the influence of Sufism, Hindus and Muslims have been living together in India. It does not like this. Pakistan must have been assuming that after killing people on religious grounds, the atmosphere in India will turn into communal hatred and there will be large-scale violence, but it was proved wrong. The Pahalgam incident has created an emotional atmosphere of grief and anger in the country. This incident has shaken the whole of India. India has almost the same Muslim population as Pakistan.

Statements that increased anger, top leadership of Congress took cognizance of absurd statements

Naturally, BJP strongly opposed such statements but its leaders also have to keep in mind that they should not say or do anything that gives the impression that they are trying to take political advantage of the Pahalgam incident. No one's political interest can be bigger than the national interest. It was good that the top leadership of Congress took cognizance of the absurd statements of its leaders on the barbaric terrorist incident of Pahalgam and instructed them to speak on this attack according to the party line. Such instructions had become necessary because many of its senior leaders and even the Chief Minister of Karnataka went out of their way and said that we are not in favor of war. They said this when in the meeting called regarding the Pahalgam attack, the opposition parties justified the steps taken by the government against Pakistan and gave the message that whatever decision the government takes to suppress terrorism, they will support it. Many Congress leaders ignored this message and said such things which Pakistan started to exploit in its favour. After the unnecessary statement of the Chief Minister of Karnataka, one of his ministers said that terrorists do not have enough time to ask about the religion of a person before killing him. A similar statement was also given by a Congress MLA from Maharashtra. The limit was crossed when it was also said that the woman who is saying that her husband was asked about his religion before killing him, must have lost her senses. Another Congress leader said this absurd thing that Pakistan will be the enemy of BJP and RSS, not Congress? Such statements are not only insensitive and make the countrymen angry with the Pahalgam attack boil, but also fulfill the wishes of those who nourish terrorism. At least the Congress leaders should know that absurd statements nourish the enemies. Statements that hurt national interests and affect the unity of the country not only show that due to political bitterness, leaders abandon their discretion while speaking even on sensitive issues, but also indicate that they do not care about the party line even on matters of national importance. Some leaders of other parties have also made cheap statements on the heartbreaking attack in Pahalgam. While some statements were given due to the extremely negative politics of blind opposition, some were given due to cheap vote bank politics. Naturally, the BJP strongly opposed such statements, but its leaders will also have to keep in mind that they should not say or do anything that gives the impression that they are trying to take political advantage of the Pahalgam incident. No one's political interest can be bigger than the national interest.

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

मुरादाबाद – जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के कार्ययोजना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी

द्वारा बताया गया कि 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा, जिसका थीम 卐योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ卐 है। इसके साथ ही योग सप्ताह 2025 का आयोजन 15 जून 2025 से 21 जून 2025 तक मनाया जायेगा। बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों से संबंधित कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी को जनपद में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों/प्रशिक्षित योग ट्रेनर के सहयोग से जनपद/तहसील/ब्लाक व पंचायत स्तर पर सम्बन्धित कार्मिक के योग प्रशिक्षण करवाने संबंधित उचित कार्यवाही करने के दिशानिर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनपद के समस्त पुलिस थाना, पुलिस लाइन, पीएसी बटालियन को कार्यक्रम में सम्मिलित करते हुए योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाते हुए अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इसके साथ ही बैठक में जनपद में योगा दिवस के दिन आयोजन संबंधी स्थान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी को आयोजन के संबंध में कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द, अपर नगर आयुक्त श्री आशुतोष राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न योग संस्थाओं के सदस्य तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टेऊ्ट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना के अर्न्तगत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने हेतु प्राथमिकता स्तर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा उदासीनता बरते जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए क्रियाशील होकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी को योजनान्तर्गत उपस्थित वेण्डरों द्वारा प्रस्तुत की गयी समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी को यथोचित कार्यवाही कर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को क्रियाशील होकर योजना में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्मार्ट मीटर, प्रीपेड मीटर एवं नेटमीटर संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए चीफ विद्युत को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, अपर नगर आयुक्त, एसपीओ नेडा एस0के0 सिंह, चीफ विद्युत, जिला पंचायती राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

मुरादाबाद जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित ई0वी0एम0 वेयर हाउस मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक

दिशानिर्देश दिए तथा उचित साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश इत्यादि व्यवस्थाओं को समुचित बनाए रखने के निर्देश दिये। रीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द, चकबंदी अधिकारी श्री जुबैर अहमद, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजदू रहें। ,जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद, नई दिल्ली और एसआईएस इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में 30 मई 2025 से मुरादाबाद सभी ब्लाकों के 09 कालेजों मे सुरक्षा जवान व सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती के लिए शिविरों का आयोजन किया जायेगा। भर्ती अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि भारतीय संविधान के पसारा एक्ट-2005 के अनुसार एसआईएस इंडिया लिमिटेड देश की बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो भारत के अतिरिक्त विदेशों में भी सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों पर सुरक्षा प्रदान करती है। ,दिनांक 30 एवं 31 मई को रामरतन इंटर कालेज बिलारी, 02 एवं 03 जून को जेएलएम इंटर कालेज कुन्दरकी, 04 एवं 05 जून को राजकीय इंटर कालेज सरकडा खास मुरादाबाद, 16 एवं 17 जून को राजकीय इंटर कालेज रतनपुर कला, 18 एवं 19 जून को राजकीय इंटर कालेज भोजपुर, 20 एवं 21 जून को किसान इंटर कालेज अगवानपुर, 23 एवं 24 जून को डीएसएम इंटर कालेज कांठ, 25 एवं 26 जून को सर्वोदय इंटर कालेज डिलारी सहित दिनांक 27 एवं 28 जून 2025 को मुस्लिम इंटर कालेज ठाकुरद्वारा में सुरक्षा जवान भर्ती के शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सुपरवाइजर के लिए न्यूनतम 12वीं पास, लम्बाई 170 सेमी, वजन 56-90 किलोग्राम, आयु 21 से 40 वर्ष होनी चाहिए। इन मानकों के आधार पर चयनित अभ्यर्थी को 350 रुपये पंजीयन शुल्क देय होगा।

31 की रात 11 बजे से 2 जून को रात 11 बजे तक बाधित रहेगी सीएनजी पीएनजी आपूर्ति

औद्योगिक इकाइयों में पूर्ण रूप से बाधित रहेगी आपूर्ति, घरेलू व व्यवसायिक अप्रभावित

मुरादाबाद- सीएनजी व पीएनजी तेल गैस लिमिटेड के पाइपलाइन करनपुर मुरादाबाद और उत्तराखंड के रुद्रपुर काशीपुर से होकर मुरादाबाद के धन्नूपुरा व सैफुरपल्ला तक आने के बाद उसके पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य किया जाना है। टोरंट गैस लिमिटेड की ओर से इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी गई है। जिसके आधार पर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि गैस की आपूर्ति 31 मई की रात 11बजे से 2 जून को 11ः00 बजे तक 48 घंटे औद्योगिक इकाइयों में टोरंट गैस पाइपलाइन के माध्यम से सीएनजी पीएनजी की आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। जबकि घरेलू और व्यवसायिक आपूर्ति सुचारू रहेगा। अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने पत्र जारी कर इस संबंध में बताया है कि मुरादाबाद औद्योगिक क्षेत्र में कुल 26 सीएनजी फिलिंग स्टेशन हैं जिसमें से सिर्फ 6 फिलिंग स्टेशन फीफी फिलिंग सटेशन कांठ, अजीत सिंह फिलिंग स्टेशन चंदौसी, एएसएचपी फिलिंग स्टेशन ठाकुरद्वारा, सुहानी फिलिंग स्टेशन मुरादाबाद बाईपास एनएच-9, भगवती फिलिंग स्टेशन बेलवाड़ा बाजपुर रोड और कृष्णा फिलिंग स्टेशन कांठ रोड छजलैट पर सीएनजी उपलब्ध रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट ने इस संबंध में जरूरी कानून व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी कहा है।

संक्षिप्त समाचार

घर के पास टहल रहे रियल एस्टेट कारोबारी का अपहरण

पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट, क्राइम ब्रांच तलाश में जुटी

मुरादाबाद- कटघर क्षेत्र से एक रियल एस्टेट कारोबारी के अपहरण की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश करना शुरू कर दी है।थाना कटघर क्षेत्र के सिंह भवन गुलाबबाड़ी निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके बड़े भाई योगेश कुमार रियल एस्टेट कारोबारी हैं। 26 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे घर के पास टहल रहे थे। इसी दौरान ठाकुरद्वारा निवासी नईम और विराट राजपूत नामक दो युवक मौके पर पहुंचे और उन्हे जबरन ऑल्टो में बैठाकर ले गए। पीड़ित के अनुसार आरोपी नईम ठाकुरद्वारा में एक शादी हॉल का संचालक है। आशंका जताई जा रही है कि अपहरण के पीछे पैसों के लेनदेन या किसी प्रॉपर्टी विवाद का मामला हो सकता है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच की टीम को भी लगाया गया है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही दोनों अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर योगेश को सकुशल बरामद किया जाएगा।

किसान की हत्या में दोषी को आजीवन कारावास, 25 हजार का जुर्माना, चुनाव की रंजिश में किया था कत्ल

मुरादाबाद- संभल के 15 साल पुराने चुनाव की रंजिश में किसान की हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को एडीजे चार रेश्मा चौधरी की अदालत ने मुलजिम यादवेंद्र उर्फ यादव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस केस के तीन आरोपियों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के किसोली निवासी अवधेश उर्फ पप्पू ने 31 अक्तूबर 2010 को बहजोई थाने में अपने ही गांव के यादवेंद्र उर्फ यादव, मनोज, सोमपाल और यशपाल के खिलाफ केस दर्ज कराया था।जिसमें उसने बताया कि 31 अक्तूबर 2010 को पंवासा में उनके गांव के प्रधान पद के चुनाव के परिणाम घोषित हुए थे। चुनाव में हमारे परिवार ने चंद्रपाल का समर्थन किया था। इसी बात को लेकर गांव के यशपाल से मेरी कहासुनी हो गई थी। उस वक्त को मामला कुछ लोगों ने समझाकर शांत करा दिया था।इसके बाद पप्पू के पिता रामचंद्र और उसका भाई घनश्याम घर लौट रहे थे। आरोप है कि आरोपियों उन्हें घेर लिया और रामचंद्र को गोली मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी गिरफ्तार जेल भेज दिए थे। इसके बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे चार रेशमा चौधरी की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान तीन आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। यादवेंद्र उर्फ यादव की फाइल पर अदालत ने सुनवाई की। ,सरकार की ओर से प्रदीप कुमार सिंह ने पक्ष रखा और आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की दलीलें दीं। सरकार ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुलजिम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

बरेली में बड़ा घोटाला- हर साल सत्यापन, फिर भी छह साल से सुहागिनें लेती रहीं विधवा पेंशन; ऐसे होता था खेला

छह साल से पेंशन ले रही भीमपुर गांव की परवीन पहले ही विभाग में बिचौलियों के सक्रिय होने की बात कह चुकी हैं। यही बिचौलिये सत्यापन के दौरान अपात्रों को भी पात्र दर्शाकर खेल करते हैं। हर साल लाभार्थियों का सत्यापन होता रहा, फिर भी छह साल से सुहागिनें विधवा पेंशन लेती रहीं। घोटाला सामने आने के बाद जिम्मेदार पल्ला झाड़ने लगे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) ने एडीएम सिटी से साफ कह दिया कि घोटाला उनके कार्यकाल का नहीं है। ऐसे में विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। छह वर्षों में सत्यापन के दौरान ये मामले पकड़ में क्यों नहीं आए? जाहिर है कि व्यवस्था में कहीं न कहीं झोल है।कई वर्षों से चल रहा है सिलसिला छह साल से पेंशन ले रही भीमपुर गांव की परवीन पहले ही विभाग में बिचौलियों के सक्रिय होने की बात कह चुकी हैं। यही बिचौलिये सत्यापन के दौरान अपात्रों को भी पात्र दर्शाकर खेल करते हैं। यह सिलसिला कई वर्षों से चल रहा है। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने डीपीओ से रिपोर्ट तलब की है।97 हजार से अधिक महिलाओं को मिल रही पेंशन अपात्रों को पेंशन दिए जाने का मामला मेरे कार्यकाल का नहीं है। सत्यापन कार्य भी लेखपाल और ब्लॉक के कर्मचारी करते हैं। वर्तमान में जिले में 97 हजार से अधिक महिलाओं को पेंशन मिल रही है। करीब 70 हजार का सत्यापन भी हो गया है। जिन लाभार्थियों की सत्यापन रिपोर्ट मिल रही है, उनका विवरण पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। निदेशालय ने 30 मई को पोर्टल लॉक करने के लिए कहा है। - मोनिका राणा, डीपीओ

भतीजे के प्यार में अंधी चाची- पत्नी ने दी मारकर नीले ड्रम में भरने की धमकी, पति ने प्रेमी को सौंप दी घरवाली

प्रेम प्रसंग का यह मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। महिला की शादी करीब दस साल पहले हुई थी। पति ट्रक चालक है। बताया जा रहा है कि महिला का गांव निवासी खानदान के ही जेठ के बेटे से प्रेम प्रसंग हो गया।जेठ के लड़के के प्यार में डूबी तीन

बच्चों की मां ने पति को हत्या कर नीले ड्रम में पैक करने की धमकी दे डाली। मामला थाने पहुंचा तो महिला प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ गई। नहीं मानी तो पति ने थाने के गेट पर दोनों के सिर पर हाथ रखकर साथ रहने का आशीर्वाद दे दिया। तीनों बच्चों को भी पत्नी को सौंप दिया।पति ने दोनों को पकड़ा था रंगेहाथ प्रेम प्रसंग का यह मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। महिला की शादी करीब दस साल पहले हुई थी। पति ट्रक चालक है। बताया जा रहा है कि महिला का गांव निवासी खानदान के ही जेठ के बेटे से प्रेम प्रसंग हो गया। दो दिन पहले पति ने दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया था। इस पर परिवार में जमकर विवाद हुआ। मामला थाने तक जा पहुंचा। पुलिस का कहना है कि बुधवार को आरोपी प्रेमी का शांतिभंग में चालान कर दिया था।थाने में पति ने दे दिया आशीर्वाद बुधवार शाम को फिर दोनों पक्ष थाने पहुंचे। पुलिस के सामने ही महिला ने पति के साथ जाने से इनकार कर दिया। उसका कहना था कि प्रेमी के साथ ही आगे की जिंदगी बिताना चाहती है। समझाने पर भी जब वह नहीं मानी तो पति ने थाना परिसर के बाहर सिर पर हाथ रखकर दोनों को साथ रहने का आशीर्वाद दे दिया। इसका फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। आए दिन देती थी हत्या की धमकी पति ने बताया कि पत्नी के साथ भतीजे के प्रेम प्रसंग की शिकायत परिजन भी कई बार कर चुके थे। पत्नी को समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। आए दिन सोते समय हत्या कर नीले ड्रम में लाश छिपा देने की धमकी देती थी। अब उनका व उनके परिवार का महिला से कोई संबंध नहीं है। पुलिस कर रही इनकार, सुपुर्दगी का दस्तावेज वायरल पुलिस थाने में इस तरह की किसी शादी और महिला के प्रेमी के साथ जाने की बात से इनकार कर रही है। हालांकि सोशल मीडिया पर एक सुपुर्दगी दस्तावेज वायरल हो रहा है, जिसमें पत्नी के अपने प्रेमी के साथ जाने की बात लिखी हुई है और नीचे प्रेमी युवक का नाम और उसकी सुपुर्दगी में लेने की जानकारी अंकित है। प्रेमी ने कहा, मायके गई महिला- इस संबंध में प्रेमी युवक से फोन पर बातचीत की गई तो उसने कहा कि दूसरे पक्ष की शिकायत पर थाना पुलिस ने उसका शांतिभंग में चालान किया था। महिला उसे छुड़ाने के लिए थाने आई थी। इसके बाद वह अपने मायके वालों के साथ चली गई। प्रेमी युवक का कहना है कि वह दिल्ली में नौकरी करता है। थाने से छूटने के बाद वह नौकरी पर दिल्ली आ गया है। महिला से शादी की बात सही नहीं है।

प्रदेश के कोरोना मरीजों की जीनोम सिक्वेसिंग कराने के निर्देश, निजी और सरकारी प्रयोगशालाओं को आदेश

कोविड की नई वेव से निपटने के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। अब प्रदेश में पॉजिटिव पाए गए मरीजों की जीनोम सिक्वेसिंग कराई जाएगी। प्रदेश में कोविड के मरीजों की जांच के दौरान सीटी वैल्यू 25 या उससे कम मिलती है तो संबंधित मरीज की जीनोम सिक्वेसिंग कराई जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया गया है। शासन की ओर से भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि कई जिलों में कोविड मरीज है। यहां सर्वाधिक मरीज मिले हैं। इसी तरह अन्य जिलों में भी जाने पर संबंधित सैंपल की जीनोम सिक्वेसिंग कराई जाए। मंडल के के जिलों के नमूने नई दिल्ली स्थित एनसीडीसी लैब माइक्रोबायोलॉजी लैब भेजे जा सकते हैं। मुख्य जिले की निजी प्रयोगशाला को भी सूचित करें। क्योंकि अभी प्रयोगशाला भी सभी तरह के जांच संबंधित प्रोटोकॉल का व्यवस्था प्रदेश के अस्पतालों की व्यवस्थाएं सुधारने के लिए और शाम के वक्त व्यवस्थाएं देखनी (राउंड) होगी। अधीक्षक लेते वक्त ली गई फोटो को अपर निदेशक और महानिदेशक प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलीय, जिला,

मिले हैं। गाजियाबाद और जीबी नगर में विशेष ध्यान देने की जरूत निगरानी रखी जाए। जांच के दौरान सिटी वैल्यू 25 या इससे कम पाए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़, आगरा और मुरादाबाद भेजा सकता है। इसी तरह अन्य जिलों के नमूने केजीएमयू के चिकित्साधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि अपने- अपने तक पॉजिटिव आए ज्यादातर केस निजी प्रयोगशाला के ही हैं। निजी पालन करें।अस्पताल के अधीक्षकों को सुबह- शाम देखनी होगी नई रणनीति अपनाई गई है। सभी अस्पतालों के अधीक्षकों को सुबह के न रहने पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी राउंड लेंगे। राउंड कार्यालय को भी भेजनी होगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के महिला व संयुक्त चिकित्सालयों के अधीक्षकों को निर्देश दिया है।प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया है कि अस्पताल के अधीक्षक हर दिन सुबह- शाम वार्ड व परिसर का निरीक्षण करें। सुबह 8.00 बजे ओपीडी के प्रारंभ होने के समय या उससे पूर्व वार्डों एवं अस्पताल परिसर का एक राउण्ड एवं इसी प्रकार देर शाम/रात्रि को एक राउण्ड अस्पताल प्रमुख व प्रभारी द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान सफाई व्यवस्था, मरीजों एवं उनके तीमारदारों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता, शीतल व साफ पेयजल की उपलब्धता, पंखे एवं कूलर की क्रियाशीलता और तीमारदारों के लिए छायादार स्थान की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा संबंधी चेक प्वाइंट्स, आक्सीजन प्लांट, सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड व एक्सरे आदि व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। यह भी देखें कि मरीज व तीमारदार को बाहर से दवाएं खरीदने, जांच कराने या किसी अन्य सामग्री के किसी विशेष स्थान से क्रय के लिए मजबूर तो नहीं किया जा रहा। प्रतिदिन सुबह और शाम/रात्रि के राउण्ड के दौरान लिए गए फोटोग्राफ व्हॉट्सएप ग्रुप में साझा किए जाएंगे। इन्हें महानिदेशक व निदेशक (चिकित्सा उपचार) को भी भेजा जाएगा।

ईरान से लेकर कतर तक महकता है इस जिले का बासमती चावल...300 करोड़ का निर्यात, फिर भी किसान निराश

मैनपुरी के चावल की मांग मुख्य रूप से ईरान, इराक, सऊदी अरब, कतर और दुबई में है। मगर इन देशों के व्यापारी सीधे मैनपुरी की कंपनियों से चावल खरीद नहीं करते।धान का कटोरा कहलाने वाला मैनपुरी उत्तर प्रदेश के उन चंद जिलों में शामिल है, जहां बासमती चावल का उत्पादन सबसे ज्यादा होता है। किसान भी बासमती की खेती का रकबा हर साल बढ़ा रहे हैं, लेकिन सरकार की अनदेखी से किसानों को वह लाभ नहीं मिल रहा, जो मिलना चाहिए। जीआई टैग नहीं मिलने से मैनपुरी के बासमती की खुशबू सिमट कर रह गई है। इससे राइस मिल संचालक भी खुश नहीं हैं।100 बीघा में धान की खेती करने वाले दन्नाहार क्षेत्र के गांव नौनेर के किसान वीरेश चौहान कहते हैं, अब तक जीआई टैग मिला है न सुविधाएं। मंडी में बासमती का उचित दाम तक नहीं मिल रहा। ऐसे में दूसरे राज्यों में जाकर फसल बेचनी पड़ती है। दिल्ली के नरेला व हरियाणा के चरखी दादरी मंडी में बासमती धान यहां के मुकाबले प्रति क्विंटल 400 से 500 रुपये ज्यादा में बिकता है। वह कहते हैं, जब सरकार मोटा धान खरीद रही है तो बासमती भी खरीदे। यहां किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र तक नहीं है। अच्छी गुणवत्ता वाले बीज का भी अभाव है। पूसा अनुसंधान केंद्र, दिल्ली जाकर बासमती का बीज खरीदना पड़ता है।चावल मिल संतलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सह संचालक अनिल अग्रवाल कहते हैं, जिले में बासमती धान की खेती का रकबा और उत्पादन बढ़ा है, आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। जिले में वर्ष 2023 में 65.101 हेक्टेयर और 2024 में 66.927 हेक्टेयर में धान की खेती हुई, लेकिन निर्यात में गिरावट आई है। इसके कई कारण हैं, सबसे प्रमुख कारण चावल में कीटनाशक की मात्रा की जांच के लिए कोई लैब का न होना है। लाल सागर में हूती देशों के प्रति नर्म रुख समेत अन्य वजहें भी हैं। बंपर मैनपुरी के बासमती चावल को पहचान नहीं मिल पहले जिले में 47 चावल मिलें थीं, लेकिन सरकार और संचालकों ने दूसरे व्यापार की ओर रुख कर लिया। अब बढ़ी है। चावल मिल संचालक अशोक गोयल कहते हैं बढ़ी। जिले की उद्योग शून्यता समाप्त करने के लिए किसी बासमती की पहचान गुणवत्ता, सुगंध और लंबे दाने के बासमती की वैरायटी 1121 बासमती, पूसा बासमती, सुगंधा सालाना निर्यात, पर सीधे नहीं ,मैनपुरी के चावल की मांग मगर इन देशों के व्यापारी सीधे मैनपुरी की कंपनियों से

